दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनांक (Dated): 21-05-2025 पृष्ठ सं0(Page No). 15 क्रम सं0(Serial No) 7

# सीआइएसएफ की गीता समोता ने 'एवरेस्ट फतह' कर रचा इतिहास

नई दिल्ली, प्रेट्र: सीआइएसएफ की सब इंस्पेक्टर गीता समोता ने 'एवरेस्ट फतह' कर इतिहास रच दिया है। गीता माउंट केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के 56 वर्षीय इतिहास में एवरेस्ट चढ़ने वाली सीआइएसएफ की पहली कर्मचारी बन गई हैं। माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है। इस उपलब्धि के लिए सीआइएसएफ महानिदेशक और अन्य अधिकारियों ने गीता को शुभकामनाएं दी हैं।

सीआइएसएफ के प्रवक्ता ने कहा, गीता ने सोमवार को लगभग 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत शिखर एवरेस्ट पर चढ़ाई की। 'गीता 'दुनिया की शिखर' पर खड़ी थीं। 35 वर्षीय गीता 2011 में अर्धसैनिक बल में शामिल हुई थीं। वह सीआइएसएफ के उदयपुर हवाई अड्डा यूनिट में तैनात हैं। राजस्थान के सीकर जिले की निवासी गीता



एवरेस्ट फतह के बाद प्रसन्न मुद्रा में सब-इंस्पेक्टर गीता समोता • एएनआइ

कालेज के दिनों में हाकी खिलाड़ी थी, लेकिन चोट लगने के कारण इस खेल से दूर हो गईं। जब वह सीआइएसएफ में शामिल हुईं, उस समय सीआइएसएफ में पर्वतारोहण टीम नहीं थी। उन्होंने पर्वतारोहण में साहसिक अवसर देखा। उन्होंने पर्वतारोहण में विशेष प्रशिक्षण लिया।